तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 गौ विज्ञान परीक्षा में तीन सौ स्कूलों के विद्यार्थी हुए शामिल





## खबर संक्षेप

### आदिवासी मछुआरे आज कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

**कोरबा।** हसदेव मिनीमाता बांगो जलाशय क्षेत्र के विस्थापित आदिवासी मछुआरा समुदायों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 9 फरवरी को शांतिपूर्ण रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस रैली में हसदेव जलाशय क्षेत्र की 22 पंजीकृत मछुआरा सहकारी समितियां एवं बांगो बांध से विस्थापित आदिवासी मछुआरे शामिल होंगे। आंदोलन को छत्तीसगढ़ किसान सभा का समर्थन प्राप्त है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने बताया कि रैली दोपहर 12 बजे तानसेन चौक से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, कोरबा तक पहुंचेगी, जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मछुआरा संघ के अध्यक्ष फिरतू बिंझवार ने बताया कि मिनीमाता बांगो (हसदेव) जलाशय में लागू ठेका व्यवस्था, ग्राम सभाओं द्वारा पारित प्रस्तावों की अनदेखी, वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक अधिकारों के क्रियान्वयन तथा हाल के दिनों में मछुआरा समुदाय के साथ हुई घटनाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### फुटबॉल हेतु खिलाड़ियों का चयन कल

बांकीमोंगरा। घुड़देवा फुटबॉल ग्राउंड में 10 फरवरी की दोपहर 2 बजे से अंडर 20 पुरुष के चयन हेतु फुटबॉल मैच होगा। वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जो भी खिलाड़ी चयन में शामिल होंगे। वो अपना जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड व दो फोटो अवश्य लेकर आए जिन भी खिलाड़ियों का चयन होगा वह अंडर 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 में भाग लेंगे जो कि जिला रायगढ़ में होगा।

### अभिषेक ने जीता स्वर्ण रजत पदक



**कोरबा।** दिल्ली में आयोजित 5वीं इंडिया इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप 2026 में जिले से युवा अभिषेक खांडेकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी ने 94 किग्रा भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर के मजबूत खिलाड़ी का सामना किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कई राज्य और देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण बन जाती है। अभिषेक की असफलता वर्षों की कड़ी मेहनत अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल भारत बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य और जिले का भी नाम रोशन हुआ है। खिलाड़ी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवारजनों और शुभचिंतकों को दिया तथा आशा व्यक्त की कि उनकी उपलब्धि युवाओं को किककबॉक्सिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ाने व राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित करेगी।

### शिवनगर रूमगरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोरबा।** श्री कृष्ण गौ सेवाधाम शिवनगर रूमगरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 51 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह रक्तदान शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान शिविर में नरेश कुमार साहू, शिवा प्रतिक, भरत पटेल, महादेव यादव, गुलाब चंद्र कश्यप, कृष्णा श्रीवास, रोहित कश्यप, साकेत शर्मा, अविनाश कुमार गुप्ता, प्रभाकर साह, गोलू नारायण, आदर्श गुप्ता, इंद्रजीत मरावी, प्रद्युम्न श्रीवास, अमर, अनिल, विनोद, मुकेश साहू, शाषी, टी.पी. सिंह, अनिल मौर्य, हेमंत, राहुल, पुष्पाकर, केशव, राधे, गुलसन, सौरभ, विनय राठौर एवं संजय राठौर आदि उपस्थित थे।

# पीएम आवास अधूरे, फिर भी जारी हुई मनरेगा की 90 दिन की मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जब से राज्य शासन के द्वारा पीएम आवास निर्माण के दौरान 90 दिन की मजदूरी मनरेगा से दिए जाने के जारी किए गए हैं। तब से मनरेगा का अधिकांश पैसा पीएम आवास योजना में खर्च हो रहा है। स्थिति ऐसी है कि कई स्थानों में पीएम आवास का निर्माण पूरा नहीं हो सका है लेकिन 90 दिन की मजदूरी मनरेगा से जरुर जारी हो गई।

ऐसे मामले जिले के सभी जनपद पंचायतों में मिल जाएंगे किंतु जनपद पंचायत कोरबा में ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं। जिनमें पीएम आवास पूरे बने नहीं हैं किंतु मनरेगा से मजदूरी जरुर जारी कर दी गई है। ऐसे ही मामलों को लेकर जनपद पंचायत सीईओ के द्वारा समीक्षा की गई है। जिसमें अधूरे पीएम आवास को लेकर रोजगार सहायकों को नोटिस जारी की गई। मनरेगा की समीक्षा के दौरान यह भी जानकारी मिली कि 90 दिन की मजदूरी जिन आवासों के लिए जारी की गई है वह अभी पूरे हुए ही नहीं हैं। इससे जाहिर होता है कि मनरेगा की मजदूरी का पैसा निकालने में रोजगार सहायक से लेकर जनपद के भी कुछ लोग सक्रिय हुए हैं। जनपद के मनरेगा प्रकोष्ठ से ही पीएम आवास में मजदूरी करने वाले लोगों को मजदूरी राशि जारी की जाती है और यही से गड़बड़ी की शुरुआत भी हो जा रही है। ऐसे मामले जनपद कोरबा के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में ज्यादा नजर आ रहे हैं। विशेषकर देवपहरी, लेमरु, डोकरमना, सुरवे, विमलता और नकिया आदि ग्रामों से यही जानकारी सामने आयी है।

## मनरेगा का अधिकांश फंड पीएम आवास में हो रहा खर्च

**खास बातें**

- जनपद पंचायत कोरबा में पीएम आवास को लेकर सामने आ रही जानकारी



### रोजगार सहायक बन गए डाटा एंट्री ऑपरेटर

जनपद कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोरकोमा के पूर्व के रोजगार सहायकों को जनपद पंचायत कोरबा में ही डाटा एंट्री ऑपरेटर बना दिया गया है। जिसके खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें थी। ऐसे अन्य भी रोजगार सहायक हैं जिनके खिलाफ लगातार शिकायतें सामने आ रही है। कुछ रोजगार सहायक गांव में ही च्वाईस सेंटर भी चला रहे है। हितग्राहियों के पैसे भी अपने ही च्वाईस सेंटर के माध्यम से आहरित भी करा रहे हैं। इन सभी मामलों में कार्यवाही नहीं होने से गड़बड़ियां भी नहीं रुक रही हैं।

## उरगा पुलिस ने दर्ज किया मामला

# पीडीएस दुकान में लाखों की हेराफेरी करने वाले प्रबंधक व विक्रेता के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय उचित मूल्य की दुकान में संचालित करने वाले प्रबंधक व विक्रेता ने मिलकर लाखों रुपए के खाद्यान्नों की अफरा तफरी की है। जांच में मामला सामने आने के बाद खाद्य निरीक्षक ने दो समितियों के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज करायी है जिसके बाद पुलिस ने दो समिति के खिलाफ अफरा तफरी का मामला दर्ज किया है।

खाद्य निरीक्षक के पद पर पदस्थ उर्मिला गुप्ता ने उरगा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान कुदुरमाल दुकान आईडी नंबर 552001067 विकासखण्ड कोरबा की संचालन एजेंसी आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोरकोमा के प्रबंधक प्यारेलाल साहु एवं विक्रेता हनुमान कुमार राठिया के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम शाखा कोरबा से भंडारित स्टाक के भंडारण एवं वितरण के दौरान चावंल 914.87 क्विंटल, शक्कर 12.90 क्विंटल, चना 26.20 क्विंटल कुल किमती करीबन 39 लाख 71 हजार 598 रूपये की राशन सामग्री खाद्यान्न को गबन अफरा तफरी की गई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रबंधक प्यारे लाल साहू और हनुमान कुमार के खिलाफ धारा 316 (5), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह दूसरी घटना भ उरगा थाना क्षेत्र में घटित हुई है। इस मामले में भी उर्मिला गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान आमापाली ग्राम पंचायत तिलकेजा दुकान आईडी नंबर 552001077 विकास खण्ड कोरबा की संचालन एजेंसी मां शारदा खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति तिलकेजा के संचालक, विक्रेता यमन चौबे एवं सचिव राम अवतार उरांव के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम शाखा से भंडारित स्टाक के भंडारण एवं वितरण के दौरान चावंल 1016 क्विंटल, शक्कर 22.35 क्विंटल, चना 38.46 क्विंटल, नमक 37.49 कुल किमती करीबन 45 लाख 50 हजार 983 रूपये के राशन सामग्री खाद्यान्न का गबन किया गया है। मामले में पुलिस ने धारा 316 (5), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### खाता का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमुंडा पुलिस ने मामले की जांच उपरांत खाता धारक रामगोपाल श्रीवास एवं पुष्पेंद्र साहू को थाना तलब पूछताछ किया जो बताए की आनंद नगर निवासी तबरेज के द्वारा इसका खाता खुलवाकर स्वयं उसका दुरपयोग किया है। साथ ही खाता धारकों के बैंक खाता में देश के अलग अलग राज्यों में हुये सायबर फार्ड का रकम आया है। पुलिस ने मामले में धारा 318(4), 61(2), ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### धोखाधड़ी मामला दर्ज, पुलिस जुटी जांच में

कोरबा। एक ग्रामीण का खाता खुलवाकर ठगी की घटना को अंजाम दिया है मामले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी दीपक दास ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वर्ष 2025 के अप्रेल माह में ग्राम बरपाली निवासी संजीव मिरी एवं उसके अन्य साथी मेरे घर के पास मिला और बोला कि अपने नाम और घर के लोगों का बैंक खाता मेरे को खुलवाकर दोगे तो मैं उसके बदले एक बैंक खाता में करीब 2 हजार देने की बोला तो मैं अपने नाम से 3 बैंक खाता और अपने पत्नि के नाम पर 3 खाता खुलवाकर देने को राजी हो गया और उसके साथ 2 लड़की थी हम लोगों को साथ में लेकर कोरबा एसबीआई मेन ब्राच कोरबा व पंजाब बैंक, बैंक आफ बडौदा, केनरा बैंक ले जाकर खाता खोलने के लिये फार्म को दोनों लोग खुद भरे और हम लोगों से आधार कार्ड पेन कार्ड मांगें और जहां जहां हस्ताक्षर करने बोला तो हम दोनों हस्ताक्षर कर दिये उसके बाद बैंक का काम होने के बाद हम लोगों के नाम से मोबाईल नबर खरीदने को बोला तो फिर मोबाईल दुकान पुराना बस स्टैण्ड कोरबा के पास लेकर गये जहां मेरे और मेरी पत्नि के नाम पर सिम खरीदवाया उसके बाद बैंक खाता एटीएम कार्ड सभी किट और मोबाईल सिम को अपने पास रख कर 3 हजार देकर और जॉब में लगाने का झांसा देकर लेकर चले गये पूछने पर कुछ नहीं बताये इसके बाद मुझे कुछ नहीं पता कि मेरे खाता के साथ क्या किया गया है। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# कोयला खदान में अनलोड ट्रेलर में लगी आग



खदान के भीतर इस तरह ट्रेलर में लगी थी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान में एक अनलोड ट्रेलर में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद खदान में मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग लगने की सूचना तत्काल दमकल वाहन को दी गई। एसईसीएल की फायर ब्रिगेड टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी के कारण कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। जानकारी के मुताबिक आग लगने के समय ट्रेलर वाहन अनलोड अवस्था में था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। यह ट्रेलर बृजेश सिंह के डीओ में नियोजित था और जिसमा मालिक प्रिंस पांडे है। राहत की बात यह रही कि ट्रेलर में कोयला लोड नहीं था, जिससे बड़े नुकसान से बचा जा सका। रोड सेल इंचार्ज संतोष सिंह ने बताया कि ट्रेलर में कोयला नहीं था। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर वाहन की मदद से इसे समय रहते बुझा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

# एसईसीएल सीएमडी ने गेवरा खदान का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की अल सुबह 5.30 बजे अचानक एसईसीएल के सह प्रबंध निदेशक हरीश दूहन एसईसीएल गेवरा खदान पहुंचे। इस दौरान सीएमडी श्री दूहन ने खदान का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बिना किसी पूर्व सूचना के हुए इस औचक निरीक्षण ने पूरी टीम में नई ऊर्जा भर दी है। सीएमडी श्री दूहन ने न केवल कार्यप्रणाली का जायजा लिया, बल्कि जमीन पर पसीना बहा रहे कोयला कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों का हौसला भी बढ़ाया। निरीक्षण के दौरान शत प्रतिशत सुरक्षा अनुपालन उत्पादन जरूरी है, लेकिन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं। उत्पादन क्षमता में वृद्धि, मशीनों की कार्यक्षमता बढ़ाने और तकनीकी बाधाओं को दूर करने पर जोर दिया गया। गेवरा खदान में अपनाई जा रही नई पहलों को भी सीएमडी श्री दूहन ने भी सराहा।



निरीक्षण करते सीएमडी व अन्य।

# सोता रहा परिवार, दो लाख नकदी सहित जेवरात ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक किसान ने अपने धान को मंडी में बेचने के बाद कर्ज चुकाने के लिए सहकारिता बैंक से 2 लाख रुपए आहरण किया था और उसे घर पर रखा हुआ था लेकिन इस बीच शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर 2 लाख रुपए नगदी व सोने चांदी जेवरात सहित लाखों माल पार कर दिया है। जब परिवार के सदस्य सुबह नींद से जागे तो उन्होंने देखा कि घर की आलमारी टूटी हुई है और सामान बिखरे पड़े हैं जिसे देखकर उनके होश उड़ गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गई चोरी की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छातापाट में चोरी की घटना सामने आयी है यहां निवासरत गंगाराम पटेल अपने परिवार के सदस्यों के साथ निवास करता है और शनिवार की रात परिवार के सदस्य खाना खाकर सभी सदस्य अपने अपने कमरे में सो गये थे इस बीच देर रात को अज्ञात चोरों ने रात के समय धावा बोलते हुए घर में रखे एक होंडा साइन मोटरसाइकिल, एक वेट मशीन, लगभग 1 तोला सोना, 2 जोड़ी पायल, कुछ तोला चांदी के आभूषण तथा करीब 2 लाख रुपये नगद सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर उरगा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम छातापाट में शनिवार की रात हुई चोरी की वारदात



इस आलमारी से हुई चोरी।

### डॉग लेकर पहुंची पुलिस तब तक लगा चुके थे झाड़ू

गांव में चोरी की सूचना पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को इस घटना से अवगत कराया जिसके बाद मामले को डिटेक्ट करने के लिए पुलिस लाईन से खोजी डॉग बाघ को लेकर घटना स्थल छातापाठ पहुंची तो घर के सदस्यों ने घरों के सामानों को व्यवस्थित कर दिया था और घर में झाड़ू लगा दिया था। फिर क्या पुलिस की टीम के हाथ कुछ नहीं लगा और खोजी डाग बाघा बैरंग वापस लौट गया। वहीं रकम को लेकर भी पुलिस के गले नहीं उतर रही है। मकान मालिक ने पुलिस को जो बयान दिया है उसमें पूर्व से घर में डेढ़ लाख रुपए होने और 40 हजार रुपए बैंक से आहरण करने की बात बतायी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

## बंद पड़े विद्युत संयंत्र पर बड़े पैमाने में राख डंपिंग को लेकर उठने लगे सवाल

# लो लाइन एरिया के नाम पर बंद विद्युत संयंत्र बना राखड़ डैम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के बंद पड़े केटीपीएस विद्युत संयंत्र को लो लाइन एरिया बताकर अघोषित रूप से राखड़ डैम में तब्दील कर दिया गया है। नियमों की आड़ में चल रहे इस खेल में एक अधीक्षण अभियंता की भूमिका सवालों के घेरे में है। हालात ऐसे हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के बड़े अफसर भी इस मामले में खुलकर जवाब देने की स्थिति में नहीं दिख रहे।

बताया जा रहा है कि कभी अनुपयोगी मानी जाने वाली राख अब सफेद सोना बन चुकी है और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कुछ अफसरों के लिए कमाई का बड़ा जरिया बन गई है। सूत्रों के मुताबिक डीएसपीएम के अधीक्षण अभियंता किशन कन्हैया ने नियम-कायदों को अपने हिसाब से मोड़ते हुए बंद पड़े विद्युत संयंत्र की जमीन को ही राख फिलिंग के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। एनपीजे की टीम जब प्लांट की पड़ताल करने पहुंची, तो चौंकाने वाला नजारा सामने आया। विद्युत संयंत्र परिसर की जमीन पर लगभग 5 लाख टन राख डंप की जा चुकी है। सवाल यह उठ रहा है कि बंद विद्युत संयंत्र को राखड़ डैम में बदलने की अनुमति किस स्तर से दी गई और क्या इसके लिए पर्यावरणीय व तकनीकी स्वीकृति ली गई थी। मामले ने तूल पकड़ लिया है और अब जिम्मेदार अफसरों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में राख भराव को लेकर अहम दस्तावेज सामने आए हैं। आरटीआई के तहत प्राप्त पत्र के अनुसार माइनस लेवल भूमि को लो लाइन एरिया बताते हुए फ्लाई ऐश भराव की अनुमति दी गई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अलग-अलग पत्रों के माध्यम से लाखों मीट्रिक टन फ्लाई ऐश भराव की स्वीकृति दी गई। यह अनुमति पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के तहत दी गई बताई जा रही है।अनुमति में शर्त है कि राख भराव केवल निर्धारित खसरा नंबर में ही किया जाएगा और इसकी वैधता 30 दिनों तक सीमित रहेगी। बावजूद इसके बंद विद्युत संयंत्र में बड़े पैमाने पर राख डंपिंग को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। दस्तावेज सामने आने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका और वास्तविक स्थिति पर जांच की मांग तेज हो गई है।



इस क्षेत्र में किया जा रहा राखड़ डंप।

# पेट्रोलिंग पर निकली थी पुलिस की गाड़ी, पथराव, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्यांग थाना के डायल 112 की टीम पेट्रोलिंग के लिए रवाना हुई थी जहां बीच रास्ते में आधा दर्जन बदमाश युवकों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया है और पुलिस के साथ गाली गलौच की घटना को अंजाम दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात हमलावार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- श्यांग थाना के ग्राम गिरारी का मामला, अपराध दर्ज

श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी शंकर सिंह राठिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह डायल 112 में चालक के पद पर पदस्थ है। रविवार की सुबह करीबन 6 बजे ग्राम बरपाली से गिरारी पेट्रोलिंग में आर राकेश कंवर के साथ डायल 112 वाहन क्रमांक सीजी-03-7201 में जा रहे थे कि बीच रास्ते में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रास्ता रोककर अश्लील गाली गलौच करते हुए वाहन को पत्थर से मारकर के सामने का शीशा बाएं तरफ और वाहन के बाएं तरफ का 2 खिड़की के शीशा को मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। मामले में शंकर सिंह के रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### 45 लीटर अवैध शराब सहित महिला गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बनाकर बिक्री करने वाली महिला को पकड़ लिया है। उसके पास से 45 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली घुटकू रेलवे स्टेशनपारा निवासी माया फेकर पति ईश्वर फेकर 30 साल घर के बाजू में अवैध शराब बनाकर बिक्री कर रही है। पुलिस ने उसके मकान में दबिश देकर माया फेकर को पकड़कर 45 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ पकड़ा गया कोचिया

**बिलासपुर।** बीट भ्रमण के दौरान आरक्षकों ने अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे कोचिया को पकड़ लिया। उसके पास से 36 पाव देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, बीट क्रमांक 2 के आरक्षक सज्जूअली, रामचंद कश्यप अपने बीट में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान चोरभट्ठीखुर्द खजुरी रोड के पास अवैध शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली। बीट प्रभारी को अवगत कराकर आरक्षकों ने मौके पर दबिश देकर काठाकोनी निवासी शुभम वासुदेव पिता कैलास वासुदेव 23 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 36 पाव देशी शराब जब्त किया गया है।

### आई फोन सहित स्कूटी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** चोरों ने आई फोन सहित स्कूटी चोरी कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला अभिषेक विहार निवासी नितिन तिवारी 8 फरवरी की सुबह 5.30 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल, 4458 से देवकीनंदन स्कूल के पास घूमने गए थे। वे अपनी स्कूटी व डिक्की में आई फोन रखकर स्कूल के बाहर गेट में खड़ी कर ग्राउंड में घूमने चले गए। सुबह 7 बजे घर जाने के बाहर निकले तो उनकी स्कूटी चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हेडफोन छिपाने का आरोप लगाकर मारपीट

**बिलासपुर।** हेडफोन छिपाने का आरोप लगाकर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दिया है। पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, दीनदयाल कालोनी निवासी प्रमोद साहू रात को शराब पीकर घर आया और हेडफोन खोजने लगा। नहीं मिलने पर छिपाने का आरोप लगाकर अपनी पत्नी संख्या साहू के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## जहां भोजन पैकेट नहीं बनते वहां के बिल से निकली राशि

## बिजौर संकुल में दो साल से चाय नाश्ता मुंगेली नाका चौक से पहुंच रहा था

# 20 किमी दूर जनरल स्टोर से मंगाया खाने का पैकेट, चाय- समोसा 10 किमी दूर से

**बिलासपुर।** शिक्षा विभाग में गड़बड़ियों की परत दर परत खुल रही है। जिन संकुल समन्वयकों को व्यवस्था संभालने के लिए नियुक्त किया गया था उन लोगों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया। गड़बड़ी का आलम यह रहा कि जनरल स्टोर से समोसा, चाय नाश्ता मंगा लिया गया और हजारों का फर्जी बिल तैयार कर लिया गया। यही नहीं जिन वाहनों का नंबर बिल में है वह स्कूटर और बाइक के हैं जबकि इन्हें पिकअप और आटो बताया गया है। जिन होटलों में भोजन पैकेट नहीं बनते वहां के बिल लगाकर राशि निकाल ली गई है। सबसे बड़ी बात कि बिजौर संकुल जो कि बहतराई क्षेत्र के अंदरुनी हिस्से में है वहां चाय-नाश्ता सकरी और मुंगेली नाका चौक से मंगाया गया है। दोनों जगह 20 और 10 किमी दूर है। प्रारंभिक जांच में सारी गड़बड़ी सामने आ रही है।

■ सभी बिल फर्जी पाए गए

हरिभूमि फॉलोअप


शिक्षा विभाग में ट्रांसपोर्ट घोटाला
ना तो बिल क्रमांक है और ना ही कोई नंबर और कोई स्थायी पता, लगातार शिकायतों के बाद अब जांच टीम बनी, विभाग में हड़कंप
खेल सामग्री, चाय नाश्ते और पुस्तक परिवहन के नाम पर लाखों की गड़बड़ी
मामले की जांच के लिए दो टीम बनी
कागजों पर दौड़ी गाड़ियां और गड़बड़ी
एक बिल में तो पांच गाड़ियों के नाम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

गौरतलब है कि समग्र शिक्षा के तहत 10 लाख रुपए की राशि इन संकुलों को मिली थी। इस राशि से मेंटेनेंस ग्रांट, टीएलएम ग्रांट, मीटिंग टीए और एवं कंटेजेंसी ग्रांट का काम किया जाना था। संकुल समन्वयकों वे लेकिन इसमें फर्जी बिल लगाकर गड़बड़ी कर ली। कई बिलों में न तो बिल नंबर अंकित है और न ही फर्म का वैध पता। बिना सत्यापन के भुगतान भी कर दिया गया। खेल सामग्री, चाय नाश्ते और पुस्तक परिवहन के नाम पर फर्जी बिल पेश कर लाखों रुपए का घोटाला किया गया हैं। ना तो बिल क्रमांक है और ना ही कोई नंबर और कोई स्थायी पता।

### 20 किमी दूर से मंगाया चाय नाश्ता

हाल यह है कि स्कूलों में चाय नाश्ता भी 10 किमी दूर से मगांया गया और इसका फर्जी बिल तैयार किया गया। बिजौर संकुल में सबसे अधिक गड़बड़ी हुई। यह संकुल बहतराई के अंदरूनी क्षेत्र में है लेकिन पिछले तीन सालों में यहां चाय समोसा मुंगेली नाका चौक स्थित रज्जू जलपान गृह से मंगाया गया जबकि बिजौर और राजकिशोर नगर चौक में 10 बड़े होटल और रेस्टोरेंट है। बावजूद इसके इस जलपान गृह का चयन सवाल खड़े करता है। बिल क्रमांक 927 में 10 अक्टूबर 2024 को परख परीक्षा होना बिल में लिखा गया है और 100 रुपए के दर से 600 रूपए का 5 प्लेट चाय नाश्ता और और 9 प्लेट भोजन थाली 180 रुपए प्रति प्लेट की दर से 1620 रुपए का बिल बनाया गया है। जबकि इस होटल में भोजन की कोई व्यवस्था ही नहीं है। साथ ही समग्र शिक्षा से जारी राशि के खर्च में चाय नाश्ता और भोजन करने कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बाद भी गड़बड़ी की गई।

### सकरी के जनरल स्टोर से लंच पैकेट

इसी तरह नवीन होटल से 24 और 25 पैकेट लंच 180 रुपए की दर से मंगवाया जाना दर्शाया गया है। किंतु बिल में होटल का पता नहीं है लेकिन बिल में दिए गए मोबाईल नंबर पर फोन करने पर पता चला कि वह कोई होटल नहीं बल्कि अंकित जनरल स्टोर है जो सकरी में है। मोके पर जाने और तस्दीक करने पर सच उजागर हुआ। कि बिल फर्जी रूप से तैयार किया गया है। इसी तरह बिल क्रमांक 937 में 14 सितंबर 2024 में 2 किलो मिठाई, 100 समोसा, 100 चाय और पानी मतलब नियम विरुद्ध शासकीय धन राशि का गबन और दुरुपयोग किया गया।

### इस तरह की गई गड़बड़ी

■ बिल क्रमांक 929 जो कि 11 जुलाई 2024 को बना है भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए काफी है। बिल को गौर से देखें तो 16 मार्च 2024, 4 अप्रैल 2024 और 11 जून 2024 को चाय समोसे और मिठाई मंगाई गई है, लेकिन ऐसा कौन सा कार्यक्रम था और क्यों नाश्ता मंगाया गया इस बात का कोई जिक्र नहीं है

■ इसी तरह एक जायसवाल होटल का बिल 28 फरवरी 2025 को जारी किया गया है। इस बिल में प्रति समोसा की कीमत 20 और फिर 30 रुपए दर्शाया गया है। साथ ही एक ही बिल में 5 अलग अलग तारीखों का जिक्र करते हुए एक साथ भुगतान किया गया है। साथ ही जायसवाल होटल के बिल में चाय 10,15,20 की दर से दर्शाया गया है।

■ रज्जू जलपान गृह बिल क्रमांक 936 जो कि 5 जनवरी 24 को बना है में बिना किसी सामग्री विवरण के 2500 रु का बिल बनाया गया है।

### की जाएगी कार्रवाई

बिजौर और सिरगिट्टी संकुल समन्वयकों ने इस्तीफा दे दिया है। शिकायतों के बाद कलेक्टर की ओर से जांच कमेटी बना दी गई है जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ कर रहे हैं। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई जरूर होगी। आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराए जा सकते हैं।

**- वासुदेव पांडे**, शहरी स्त्रोत समन्वयक

## हाइवा जब्त कर फरार ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने किया अपराध दर्ज

# नो एंट्री में घुसकर हाइवा चालक ने बाइक सवार को कुचला, युवक की दर्दनाक मौत



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नो एंट्री में घुसकर हाइवा के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए मेला घूमकर घर जा रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई और बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर फरार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



मृतक।

तोरवा पुलिस के अनुसार, महमंद निवासी विशाल साहू पिता हरिचंद साहू 25 साल टाइल्स मिस्त्री का काम करते थे। रविवार को वे देवरीखुर्द मेला घूमने गए थे। मेला घूमने के बाद दोपहर 2.30 बजे वे बाइक क्रमांक सीजी 10 व्ही, 6274 से घर जा रहे थे। लालखदान ब्रिज में चढ़ते समय नो एंट्री में घूसकर हाइवा क्रमांक सीजी 10 आर, 1054 के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हाइवा का पहिया युवक के उपर से चढ़कर गुजर गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ को उग्र देखकर चालक हाइवा छोड़कर भाग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने हाइवा जब्त कर फरार ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की गैर इरादतन हत्या की धारा 105 बी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 3 घाट से बेखौफ हो रही रेत चोरी

तोरवा क्षेत्र में देवरीखुर्द बुटापारा, दोमुहानी, ढेंका घाट में अरपा नदी में 24 घण्टे बेखौफ रेत चोरी किया जा रहा है। तीनों घाट से रेत लेन व ले जाने के लिए दिन रात भारी वाहन व ट्रेक्टर मौत बनकर दौड़ते हैं। जिस हाइवा से बाइक सवार की मौत हुई है वह खाली था।

### गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

सुबह 7 से रात 11 बजे शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा हुआ है। नो एंटी में घुसकर हाइवा चालक ने खतरनाक तरीके से चलाकर बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई है। हाइवा चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आगे भी ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**-अभय सिंह बैस**
तोरवा टीआई

# नाबालिग ने बीएमडब्ल्यू कार से दो बाइक को मारी टक्कर, 5 युवक घायल

अस्पताल में भर्ती घायल





बीती रात तिफरा ब्रिज पर नाबालिग ने तेज रफ्तार में बीएमडब्ल्यू कार को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में 5 युवक घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक नाबालिग व उसके पिता के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



दुर्घटनाकारित कार।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, महाराणाप्रताप नगर तिफरा निवासी रितेश यादव पिता बहोरन यादव अपने दोस्त भारत कश्यप, चेन यादव के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 2485 व विक्की यादव, आकास वस्त्रकार, बाइक क्रमांक सीजी 12 एव्ही, 1279 से शहर में कपड़ा खरीदने आए थे। रात 11.30 बजे सभी तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज होते हुए वापस घर आ रहे थे। तिफरा ब्रिज के ढलान में पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही बीएमडब्ल्यू क्रमांक सीजीसीए, 6956 के चालक ने दोनों बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक में सवार 5 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। इधर हादसे के बाद कार छोड़कर चालक फरार हो गया है। पुलिस ने बहोरन यादव की रिपोर्ट पर कार जब्त कर फरार नाबालिग चालक व उसके पिता के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चेकिंग से बचने कार ने दूसरी कार को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

वाहन चेकिंग से बचने के लिए भागने के फेर ने कार सवार चालक ने दूसरी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बंधवापारा कन्हैया सिटी हाउस निवासी आरूश गांगुली 7 फरवरी को अपनी मां शिउली गांगुली के साथ श्रीराम मार्केट से खरीदी करने के बाद महाराणाप्रताप चौक होते हुए बलेनो क्रमांक सीजी 10 सीसी, 3306 से जा रहे थे। रात 9.15 बजे राजीव गांधी चौक के पास पुलिस वाहनों को रोककर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग से बचने के फर में कार क्रमांक सीजी 05 एके, 3791 के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी और भाग गया, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# आसमान से 'जमीन' पर आ ही गई कंडम टाटा सूमो



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारिता विभाग को पिछले छह महीने से मुफ्त का डीजल पिलाने वाली कंडम टाटा सूमो आखिरकार आसमान से जमीन पर उतार ली गई है। मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर कंडम हालत में धूल खा रही सूमो अब आनन-फानन में सुधार के लिए गैरेज लाई गई है। वाहन को गैरेज में दुरूस्त करवाकर शायद यह मैसेज देने का प्रयास किया जा रहा है कि उक्त गाड़ी कभी बिगड़ी ही नहीं है और इसका लगातार उपयोग किया जा रहा है।

■ मल्टीलेवल पार्किंग की छत से उतरकर गैरेज पहुंची

हरिभूमि में लगातार दो दिनों तक समाचार प्रकाशित होने के बाद एसपी आफिस परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर धूल खा रही सहकारिता विभाग की कंडम टाटा सूमो क्रमांक सीजी 02 3516 आनन-फानन में पार्किंग से नीचे उतार ली गई है। वाहन को गुपचुप तरीके से कांग्रेस भवन के सामने स्थित श्री कृष्णा मोटर गैरेज नामक संस्थान में सुधार के लिए लाया गया है। शनिवार से लाया गया उक्त वाहन रविवार को भी पूरे दिन वहीं खड़ा रहा। कंडम वाहन को अखबार में समाचार प्रकाशित होने के तत्काल बाद पार्किंग की छत से नीचे उतारकर गैरेज पहुंचाने के कई मायने निकाले जा सकते हैं।

विभाग के अधिकारी शायद अब इस प्रयास में हैं कि वाहन को ठीक करवाकर सड़क पर दौड़ाते हुए शासन को यह मैसेज देकर गुमराह किया जा सके कि उक्त शासकीय वाहन कभी कंडम था ही नहीं, बल्कि इसका लगातार उपयोग किया जाता रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि यह भी प्रमाण देने का प्रयास किया जा सकता है कि पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप में भरवाया जाने वाला डीजल किसी निजी वाहन में नहीं बल्कि इसी टाटा सूमो में ही भरवाया जाता रहा है। इसी तरह अधिकारी के निजी वाहन में भरवाए गए पेट्रोल व जारी बिल भी किसी तरह से समायोजित नहीं कराए गए हैं, बल्कि निजी गाड़ी के पेट्रोल का बिल भुगतान स्वयं अधिकारी ने ही किया है। बहरहाल शासन स्तर पर होने वाली जांच में मामले की सारी सच्चाई सामने आ ही जाएगी।


निजी गाड़ी में पेट्रोल डलवाकर, सरकारी सूमो में डीजल की पर्ची ले रहे थे डिप्टी कमिश्नर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# क्रिकेट टीम में खिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी

**अंबिकापुर।** यूपी के क्रिकेट खिलाड़ी को संघ के माध्यम से देश विदेशों में मैच खिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यूपी हरदोई पिहानी सेखवापुर निवासी अजय कुमार वर्मा क्रिकेट खिलाड़ी है और 14 मार्च 2021 को नेपाल में क्रिकेट टुर्नामेन्ट खेलने हेतु गया था। जहां पर अजय कुमार की मुलाकात शहर के त्रिकोण चौक निवासी मृगांक कुमार सिन्हा से हुई थी। मृगांक ने अजय वर्मा को अपने क्रिकेट संघ की तरफ से देश विदेश के टुर्नामेन्टो में खिलाने की बात बोलकर उसका मोबाईल नंबर ले लिया। नेपाल से वापस आने के करीब 10 दिन मृगांक कुमार सिन्हा ने अजय वर्मा को फोन कर क्रिकेट संघ में रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 1480 रुपए जमा कराया। उसके पश्चात अजय वर्मा अन्य रजिस्ट्रेशन व पासपोर्ट हेतु 4460 रुपए व 1500 रुपए जमा नगद जमा कराये। अजय कुमार वर्मा मोबाइल पर टीम में सलेक्शन व विदेशी दौरे के लिए चुनी टीम आदि के कुट रचित दस्तावेज प्रार्थी को भेजता रहा तथा प्रार्थी से लगातार पेटीएम, गूगल पे. फोन पे पर रूपया जमा कराता रहा। इस दौरान आरोपी अजय वर्मा को यह आश्वासन देता रहा कि तुम्हारा सारा रुपया तुम्हे वापस कर दिया जाएगा। अजय वर्मा से लगभग 12 लाख रुपए जमा करवा लिया गया तथा 11 जून को अजय वर्मा को छत्तीसगढ बुलाया और वहां भी प्रार्थी से रुपये जमा कराया। आरोपी ने अजय वर्मा से 15 लाख 38 हजार रुपए की ठगी की।

# 4 मकानों और 1 दुकान में चोरों ने बोला धावा

**बिलासपुर।** एक बार फिर बीती रात चारों ने एक दुकान व चार मकानों में धावा बोलकर नकद रकम व सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों को पकड़ पाने में नाकाम साबित हो रही है।

■ लाखों का माल लेकर भागे चोर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, ईदगाह चौक निवासी मो. रिजवान आलम पिता मो. जफर आलम मगरपारा रोड किम्स हास्पिटल के सामने मेगा मार्ट कपड़ा दुकान चलाते हैं। 7 फरवरी की रात 10.30 बजे दुकान में ताला लगाकर अपने घर गए थे। 8 फरवरी की सुबह 10.30 बजे वे जाकर दुकान खोले तो दुकान में लगा टीन का शेड टूटा हुआ था। गल्ले का लाक भी टूटा हुआ था उसमें रखे 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। चोरी करते हुए युवक की सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद हो गई है। दुकान संचालक आलम ने बताया, पिछले 3 दिसंबर 2025 को भी उनके दुकान में इसी तर्ज पर चोरी हुई थी।

### सिरगिट्टी से जेवर नकद चोरी



सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, हरदीकला निवासी नरोत्तम पारकर 6 फरवरी को छोटे बेटे का छोड़कर पत्नी व बेटों के साथ काम पर चले गए थे। शाम 6.30 बजे घर आए तो उनका बेटा नहीं था। दरवाजा व आलमारी खुली थी। आलमारी से चांदी के दो नग मेंहदीफूल, 8 बाजूबंद, हाफ करधन, 2 पायल, 3 फुल्ली, 4 बिछिया, 1 अंगूठी व 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी।

### 10 दिन बाद एफआईआर

बिल्हा पुलिस के अनुसार, प्रकाश कुमार कौशिक नगर पंचायत बिल्हा के पास धनवंतरी मेडिकल स्टोर में काम करते हैं। 29 जनवरी की रात 8 बजे वे दुकान बंद कर चले गए थे। 30 जनवरी को वे दुकान गए तो शटर का ताला टूटा मिला। दुकान से सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल, वाईफाई, डीवीआर चोरी हो गई थी। 10 दिन बाद 7 फरवरी को चोरी की एफआईआर लिखी गई है।

### बिल्डिंग मटैरियल ले गए चोर

सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू आशियाना कालोनी निवासी सिविल इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने रिपोर्ट लिखाई। 4 से 6 फरवरी के बीच उनके घर से चोरो ने फिनोलेक्स के पाइप, फिटिंग सामान ब्रुश, वेंटिलेशन, लोहा सरिया, खिड़की सहित 50 हजार का सामान चोरी कर लिया गया है।

### 15 लाख के चोरी का सुराग नहीं

सिविल लाइन क्षेत्र के 27 खोली इंद्रसेननगर निवासी रिटायर्ड रश्मि दुबे पति शुभ रंजन दुबे 64 साल के सूने में मकान से 6 फरवरी को चोरों ने हीरे के टाप्स, हीरे का चेन पैंडल, ओरिजन मोती का कंगल दो जोड़ी व सोने के जेवर सहित 15 लाख के जेवर चोरी कर लिया गया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

# बालको में वाइब्रेंट एकेडेमी का निशुल्क काउंसलिंग एवं एडमिशन कैम्प 12 तक

VIBRANT ACADEMY
Believe in Excellence (India) Pvt. Ltd.

**कोरबा।** राजस्थान कोटा की शाखा एवं अग्रणी संस्था वाइब्रेंट एकेडेमी जो कि पिछले 6 वर्षो से अपनी रिकॉर्ड रिजल्ट के लिए प्रख्यात है, संस्था द्वारा लगातार 4 वर्षो से IIT में राज्य की सर्वश्रेस्ठ रैंक 1 देते आरहे है ,NEET में प्रत्येक वर्ष 20+ छात्रों ने फ्री सीट प्राप्त करते हुए विभिन्न मेडिकल कॉलेज में दाखिला प्राप्त किया। स्कूल एकेडेमीक बोर्ड में लगातार 3 वर्षो से राज्य रैंक 1 और ओलिंपियाड में ऐतेहासिक परिणाम देते आ रहे है। वाइब्रेंट एकेडेमी द्वारा सफल द्वितीय वर्ष बालको में भी अपनी सेवा प्रदान कर रहे है,अगामी वर्ष हेतु विभिन्न स्कूलों में VSAT की परीक्षा आयोजित की गई थी जिसका उद्देश्य प्रतिभावान छात्रों की खोज एक प्रयास है तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों हेतु भी एक बेहतरीन अवसर है,और अभिभावकों हेतु भी एक अवसर हैं एक ऐसे दौर में है जहाँ इतने महंगे शिक्षा के दौर में अधिक से अधिक छात्रवृत्ति प्राप्त कर बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शिक्षकों से शिक्षा प्राप्त करवा सकते है। वाइब्रेंट एकेडेमी द्वारा 3 दिवसीय निशुल्क काउंसलिंग,परामर्श और एडमिशन कैम्प अम्बेडकर भवन ,दिनांक 8 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित है सभी छात्रों के लिए तत्काल अपनी जगह बुक कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### दिगम्बर अखिलेश पुरी महाराज पहुंचे शिव मंदिर

**कोरबा।** महाशिवरात्रि पर्व पर पंचदिवसीय लघु रूद्र यज्ञ का आयोजन हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी किया जा रहा है जिसमें सभी शिव भक्तों का एवं कॉलोनीवासियों का योगदान रहता है। यह यज्ञ कलश यात्रा के साथ 12 फरवरी से होगा जो 16 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ सपंन्न होगा। जिसमें मायापुरी हरिद्वार प्रयागराज से दिगम्बर अखिलेश पुरी का श्रीश्री 108श्री महामृत्युंजय श्री शिव मंदिर नगर निगम आवासीय कॉलोनी पहुंचे। शिव मंदिर का 43वाँ लघु रूद्र यज्ञ एवं रुद्राभिषेक होने जा रहा है, जिसमें श्री पंचायती अखाड़ा दशनाम नागा सन्यासी श्री निरंजनी के तत्व दर्शी नागा सन्यासी का आगमन उनके शिष्यों के साथ हुआ है।

### भविष्य के लिए हरित परिवेश संजोकर रखने पौधरोपण जरूरीः बोपापुरकर



**कोरबा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के बीएड विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल में शिक्षा संकाय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर सहभागिता निभाई। पौधरोपण के बाद उनकी देखभाल का संकल्प लेते हुए पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि भविष्य के लिए स्वच्छ-शुद्ध व हरित परिवेश संजोकर रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण जरुरी है। प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन पर शिक्षा संकाय की ओर से यह पौधरोपण कराया गया। छात्र-छात्राएं अपने-अपने घर से पौधे लेकर आए और उन्हें परिसर में गमलों पर रोपित किया। इनमें एरिका पाम, गुलाब, सेवंती, तुलसी व अन्य प्रजाति के पौधे शामिल हैं, जो पर्यावरण को शुद्ध करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि पेड़-पौधे केवल ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी विरासत बनते हैं। महाविद्यालय का उद्देश्य केवल उच्च शिक्षा के दायित्वों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति संरक्षण और हरियाली की अहमियत से परिचित कराते हुए इन युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक व जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डा भारती कुलदीप, डा रश्मि शुक्ला, श्रीमती प्रीति द्विवेदी व कुणाल दासगुप्ता उपस्थित रहे।


### तिलकेजा स्कूल में अवैध निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



**कोरबा।** जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलकेजा में स्थित पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल तिलकेजा हेतु पी.एम.श्री समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत चार प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। नियमानुसार उक्त निर्माण कार्य ग्राम पंचायत को कार्य एजेंसी के रूप में प्रारंभ किया जाना था लेकिन आरोप है कि गांव के ही किशन प्रसाद साव जो भारतीय जनता पार्टी के उरगा मंडल अध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भी हैं, जिन्होंने ग्राम पंचायत को जानकारी दिए बिना स्कूल के पुराने भवन को तुड़वाकर मनमाने तरीके से निर्माण कार्य शुरू करा दिया। जबकि इस कार्य के लिए न तो स्कूल संस्था और न ही किसी समिति को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि श्री साव द्वारा अपने पद और रुतबे का उपयोग करते हुए अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में 5 जनवरी को कलेक्टर जनदर्शन तथा 23 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को लिखित शिकायत भी दी गई थी।

## निधन

### सुंदरलाल सोनी



**कोरबा।** डॉ.राजेंद्र प्रसाद नगर निवासी सुंदरलाल सोनी का निधन हो गया। वे श्रवण सोनी और प्रिंस सोनी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे अपने पीछे दो पुत्र, पुत्री एवं नाती पोतों से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं।

# सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**केंद्रों को बेहतर बनाने की दिशा पर हो रही पहल**

अलग खबर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसएन केशरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द करतला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिती रजिस्टर, ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, पीएनसी कक्ष, ओटी दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष इंटीग्रेटेड लैबा, दंत चिकित्सा कक्ष, एनआरसी, ब्लड स्टोरेज यूनिट, आयुष ओपीडी, मितानिन हेल्पडस्क, आईपीडी स्टोर तथा शीत श्रखला कक्ष वैक्सीनषन कक्ष का निरीक्षण किए।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्षन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी के द्वारा लगातार जिले के सामुदायिक स्वास्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों सुदृढिकरण के लिए निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र में साफ सफाई अच्छी तरह से करने, अस्पताल के मुख्य द्वार की साफ-सफाई के लिए पैरदान लगाने, ओपीडी में आभा आईडी बनाने की स्थिती की जानकारी, आईईसी प्रदर्शित करने, आयुष्मान मित्र कक्ष में कार्यरत ऑपरेटर को आभा आईडी बनाने अधिकृत करने, मितानिन हेल्पडेस्क में नियुक्त कर्मियों के द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने तथा मरीजों को आभा आई बनाने में मदद करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का रोस्टर बनाकर काम लेने, उनका उपस्थिती पंजी संधारित करने, आईपीडी के बेडशीट आदि की सफाई के लिए एक कर्मचारी को जवाबेही देने, संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने, एएनसी पंजीयन में प्रायमीपारा एवं मल्टीपारा की जानकारी लिखने सभी प्रायमी पारा वाली गर्भवती महिला को उच्च जोखिम समुह मानकर ही.जॉच एवं प्रसव पीएचसी सीएचसी में कराने, सभी गर्भवती महिला का पंजीयन आरसीएच पोर्टल में करने, आईपीडी स्टोर में सामग्री व्यवस्थित रखने, शीतश्रंखला कक्ष में फ्रीजर के तापमान का निरंतर मॉनिटरिंग करने, ओटी में विसंक्रमण पर विशेष ध्यान देने, ऑक्सीजन सिलेण्डर को स्टरलाईज्ड करने, एण्टीग्रेटेड लैब में बायोकेमेस्ट्री फुली ऑटो एनालाईजर का उपयोग करने, ब्लड स्टोरेज यूनिट में ब्लड संग्रहित करने व संग्रहण पंजी संधारित करने, आरबीएसके वाहन वाहन का रिकार्ड संघारित करने, जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक वर्ष में 2 बार तथा कार्यकारिणी की बैठक 4 बार कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने आवश्यक संपूर्ण दवाईयां स्वास्थ्य केन्द्रों में रखने तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बेहतर ढ़ग से क्रियान्वयन करने तथा इस संबंध में जागरूकता संबंधी जानकारी लोगों को देने खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देषित किया तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय उपस्थिती कार्य संपादन करने एवं मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- आवश्यक दवाईयां स्वास्थ्य केन्द्रों में रखने तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बेहतर ढ़ग से क्रियान्वयन करने की दी हिदायत



## तुमान में कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय रैली एवं आमसभा, केंद्र सरकार पर श्रमिक विरोधी नीतियों का लगाया आरोप

# केन्द्र सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर मनरेगा को खत्म करने का किया कामः जरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा पंचायत और ग्राम सभा को भी मजबूती प्रदान करता है। कौन सा काम किया जावेगा, इसके निर्णय का अधिकार स्थानीय लोंगो के हाथों में था लेकिन अब इसका निर्णय सरकार के हाथों में कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को खत्म करने का काम किया है।



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

उक्त बातें एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़.प्रदेश सह प्रभारी सुश्री जरिता लैतफ्लांग ने मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत तुमान में विधानसभा स्तरीय मनरेगा बचाओ रैली एवं आमसभा कार्यक्रम के दौरान कही। बाजार चौक तुमान में आयोजित रामपुर विधानसभा स्तरीय मनरेगा बचाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि मनरेगा के कानून को कमजोर करके मोदी सरकार ने देश के करोड़ों श्रमिक मजदूरों के हितों पर हमला किया है। मनरेगा एक ऐतिहासिक कानून था जो रोजगार चाहने वाले करोड़ो लोगों को गरिमामय अवसर प्रदान करता था। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मनरेगा स्कीम देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा रहा है। मनरेगा रोजगार का गारंटी अधिकार था, लेकिन अब इसमें नाम के साथ-साथ नियमों में बदलाव किया गया जो पूरी तरह से केन्द्र सरकार की मर्जी पर निर्भर रहेगा। इस बदलाव से रोजगार का अधिकार समाप्त हो जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि मनरेगा रोजगार के अधिकार के नियमों में कुछ त्रुटी रही होगी उसे बेहतर किया जा सकता था नाम बदलना और रोजगार के अधिकार समाप्त करना जरूरी नहीं था। रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर झूठ बोला है। वीबीजी रामजी में जो राम जी बता रहे उसमें कहीं भी भगवान राम नहीं है। व्हीं बीजी रामजी का फुल फार्म विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण है। उन्होंने कहा कि मनरेगा अधिनियम को वर्ष 2005 में मनमोहन सिंह सरकार ने लागू किया था। यह अधिकार आधारित कानून था, जो प्रत्येक ग्रामीण को मजदूरी का वैधानिक अधिकार देता था। अब इस योजना के नियमों को परिवर्तन कर वैधानिक अधिकार को खत्म किया जा रहा है। जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीनने का काम किया है। श्री चौहान ने आगे बताया कि मनरेगा कानून परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। पहले मनरेगा सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित थी लेकिन अब केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया गया है। सांसद प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष हरीश परसाई ने कहा कि मनरेगा रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम देने का कानून था। श्रमिक को काम लेने का अधिकार था, इस योजना के तहत सरकारी फरमान से कभी काम नहीं रोका गया। पिछले दो दशक से यह योजना 12 करोड़ से भी अधिक मनरेगा मजदूरों के लिए लाइफलाईन रहा है। कोविड महामारी के समय भी यह योजना आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ था। आम सभा कार्यक्रम के शुरूआत में कबीर चौक स्थित कबीर जय स्तंभ के समक्ष पूजा अर्चना करने के बाद कबीर चौक से बाजार चौक तक विशाल रैली निकाली गई। सभा का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष देवांगन ने किया एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार श्रीवास ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुषमा कंवर, सरपंच, श्रवण राठिया, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस करतला, संजय आजाद, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बांकीमोंगरा, इंजोर सिंह, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कोरबा (ग्रामीण) मधुसुदन दास, नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिका बांकीमोंगरा, शिवम राय, अध्यक्ष युवा कांग्रेस रामपुर विधानसभा, श्रीमती सुनीता कंवर सांसद प्रतिनिधि (पूर्व जनपद अध्यक्ष) ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि, मंदीप शर्मा, सांसद प्रतिनिधि, प्रमोद कुमार श्रीवास सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामनगर स्थित मोहरा एनीकट में नहाने उतरे दो नाबालिग किशोर गहरे पानी में डूबे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रविवार को रामनगर से गुजरी रेड़ नदी में बने मोहरा एनीकट में नहाने के लिए उतरे दो किशोरों की गहरे पानी में डूब जाने की खबर है,घटना की सूचना मिलने पर जिले की एसडीआरएफ टीम के साथ स्थानीय गोताखोरों को लेकर बिश्रामपुर पुलिस दोनों बच्चों की तलाशी के लिए सर्च अभियान चलाए हुए हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों किशोरों का कुछ पता नहीं चल सका है।

- सूचना मिलने पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

बताया गया कि शिवनंदनपुर गवटियापारा निवासी सेराज अंसारी का 12 वर्षीय पुत्र आदिल और जयनगर कुंजनगर निवासी मो. जावेद का 15 वर्षीय पुत्र अयान सद्दाम रविवार की दोपहर अपने अन्य 5-6 हमउम्र दोस्तों के साथ घूमने के उद्देश्य से रामनगर मोहरा एनीकट डेम पहुंच गए जिसमें आदिल और अयान बातचीत करने दौरान नहाने के लिए डेम में उतर गए और देखते ही देखते वे गहरे पानी में समा गए,उन्हें डूबते देख साथियों ने हो हल्ला व शोर भी किया लेकिन तब तक दोनों गहरे जल में लापता हो चुके थे,घटना के बाद डरे सहमे अन्य दोस्तों ने अपने घर पहुंचकर परिजनों को आदिल और अयान के डूबने की खबर बताई जिसके बाद उनके परिजनों को सूचित कर घटना की जानकारी बिश्रामपुर पुलिस को दी गई,बिश्रामपुर पुलिस ने तत्काल सूरजपुर एसडीआरएफ टीम को खबर कर मौके पर बुलाते हुए तलाशी अभियान चलाया हुआ है लेकिन दोनों नाबालिग किशोरों का का रविवार की देर शाम तक कहीं पता नहीं चल सका है,घटना स्थल पर परिजनों सहित बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए हैं । बताया गया कि अयान कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा नौवीं का छात्र था,जबकि आदिल अपने नाना-नानी के मनेंद्रगढ़ निवास में रहकर मदरसे में पढ़ाई करता था।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ग्राम नराईबोध में इन दिनों धार्मिक वातावरण बना हुआ है। यहां आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं। कथावाचक पंडित रोहिणी प्रसाद पांडे के मुखारविंद से भागवत कथा का सुमधुर वाचन किया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए आसपास के गांवों से भी ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। श्रद्धालु भक्ति, श्रद्धा और अनुशासन के साथ कथा श्रवण कर रहे हैं। पंडित रोहिणी प्रसाद पांडे अपने प्रवचनों में श्रीमद् भागवत के विभिन्न प्रसंगों का सरल और भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। वे भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र, गजेंद्र मोक्ष सहित अनेक प्रसंगों के माध्यम से धर्म, कर्म और भक्ति का संदेश दे रहे हैं। उनके प्रवचनों से श्रोतागण भावविभोर हो उठते हैं और पूरा वातावरण भक्ति मय हो जाता है। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन डॉ. पीएल यादव द्वारा किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। कथा के पश्चात सभी श्रोताओं के लिए भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें श्रद्धालु प्रेमपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ रही है, श्रद्धालुओं की संख्या में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। आयोजन को लेकर ग्राम नराईबोध सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने आयोजनकर्ता और कथावाचक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज को संस्कार और सद्भाव की दिशा में प्रेरित करते हैं।

### गांगपुर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, पूर्णाहुति के साथ भागवत कथा संपन्न

**कोरबा।** छुरी नगर पंचायत के पास स्थित ग्राम गांगपुर में 1 फरवरी से प्रवाहित हो रही आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा का रविवार को समापन हुआ। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति सहस्त्रधारा हवन और विशाल भंडारे के साथ की गई, जिसमें अंचल के हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कथा के मुख्य वक्ता आचार्य योगेश्वरानंद महाराज ने अपनी ओजस्वी शैली में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके दिव्य उपदेशों तक का सजीव वर्णन किया। सात दिनों तक चले इस भक्तिमय आयोजन में न केवल गांगपुर, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों का भारी जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने महाराज जी की वाणी से भागवत रस का पान कर आत्मिक शांति प्राप्त की। समापन के अवसर पर कथा स्थल का नजारा अद्भुत रहा।

## संतों के दर्शन मात्र से ही सारे कष्ट नष्ट हो जाते हैं : हनुमान महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रविशंकर शुक्ल नगर स्थित कपिलेश्वरनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में शनिवार को श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्री कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल सेवा समिति एवं समस्त रविशंकर नगरवासियों के सहयोग से जनकल्याणार्थ आयोजित इस धार्मिक आयोजन के छठवें दिन वातावरण पूरी तरह शिवमय बना रहा। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष, मंत्रोच्चार और भजनों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम के दौरान विख्यात शिव महापुराण कथा वक्ता पंडित हनुमान दास महाराज ने शिव महापुराण की अमृतवाणी सुनाते हुए देवी शिव के क्रियायोग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति व्यक्ति को अहंकार से मुक्त कर सेवा और करुणा की राह पर ले जाती हैं। दूसरे के अधीन रहने वाला व्यक्ति हमेशा दुःख पाता हैं, संत का हृदय बड़ा कोमल होता हैं, संतों के दर्शन मात्र से ही सारे कष्ट नष्ट हो जाते हैं, परमपूज्य महाराज जी ने कहा कि हमारे समाज में वैदिक परंपरा से विवाह होना चाहिए, केक काटकर जन्मदिन बनाना बंद करिये ये ईसाईयत हैं, आने वाले समय में 1 हजार वर्ष के लिए कलयुग में ही सतयुग का आगमन होगा। कथा के दौरान भाजपा के रायपुर संभाग के सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, आर.सी. मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, संदीप शर्मा सहित यहां आए श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करते रहे। यज्ञशाला में वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-विधान से रुद्र महायज्ञ संपन्न कराया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन समाज में धर्म, संस्कार और जनकल्याण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निश्चित समय-सीमा में पूर्ण कराएं : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास ,डीएमएफ के अंतर्गत संचालित कार्यों सहित ग्रामीण पंचायत विभाग की प्रमुख योजनाओं—प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन आवास, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की विस्तृत समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पारदर्शिता एवं आमजन की जानकारी के लिए डीएमएफ अंतर्गत सीसी रोड निर्माण सहित सभी भवन निर्माण कार्यों में नागरिक सूचना पटल अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सूचना पटल बनाना सुनिश्चित किया जाए तथा भवन निर्माण कार्यों में दीवारों पर आवश्यक जानकारी अंकित की जाए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान के संदर्भ में डीएमएफ की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस कार्ययोजना में प्राथमिकता से उन क्षेत्रों को शामिल करने को कहा गया, जहां आंगनवाड़ी भवन एवं विद्यालय भवन उपलब्ध नहीं हैं या जर्जर स्थिति में हैं। साथ ही जिन स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बाउंड्रीवाल, शौचालय अथवा पेयजल की व्यवस्था नहीं है।

## छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



छत्तीसगढ़ पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाबर में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के भैया दीदी को विदाई समारोह दिया गया। बच्चों ने विदाई समारोह परंपरा की निर्वहन को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोटमीसुनार की क्रोकोडाइल पार्क में भ्रमण किया उसके पश्चात बिलासपुर के लिए प्रस्थान किया। जहां एनर्जी गार्डन में बच्चों ने भव्य विदाई समारोह का कार्यक्रम डांस के माध्यम से गीत के माध्यम से कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्ही के सिंह सेवानिवृत्ति प्राचार्य आर पी साहू प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा उपस्थित रहे। विद्यालय की संचालिका मनोरा लकड़ा विद्यालय के प्राचार्य एस आर अमित सभी शिक्षक परिवार और खाने की व्यवस्था महेंद्र चतुर्थी द्वारा किया गया। बच्चों ने पूरे गार्डन का भ्रमण किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक परिवार कक्षा ग्यारहवीं के सभी आयोजनकर्ता एवं अतिथि के रूप में आतिथ्य स्वीकार करते हुए कक्षा 12वीं के पूरे बच्चो ने वन भ्रमण विदाई समारोह और टूर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### छुरी-कटघोरा मार्ग बदहाल, उड़ती धूल ने बढ़ाई राहगीरों की मुश्किलें

**कोरबा।** छुरी से कटघोरा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। सड़क की जर्जर हालत के कारण दिनभर भारी मात्रा में धूल उड़ रही है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह है कि सामने से आने वाला वाहन तक दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों की हालत सबसे खराब है। उड़ती धूल के बीच बाइक सवार मानों धूल में नहाने को मजबूर हैं। आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और कपड़ों के पूरी तरह धूल से भर जाने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी इस मार्ग पर चलना कठिन हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और रोजाना बड़ी संख्या में लोग इसी सड़क से आवागमन करते हैं। बावजूद इसके सड़क की मरम्मत और धूल नियंत्रण को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क सुधार, डामरीकरण तथा नियमित पानी के छिड़काव की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### चावल वितरण नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**बांकीमोंगरा।** कटघोरा जनपद क्षेत्र क्रमांक 6 अरदा, भेजीनारा, शुक्लाखार, हर्राभांठा, पौंसरा, बिरकोना, तेलसरा, जमनीमुंडा, घनाकछार में इन दिनों उचित मूल्य दुकान पर चावल वितरण नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। अरदा मंडल कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दिनेश आदिले ने मिडिया से कहा कि भाजपा की सुशासन काल में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार इन दिनों अरदा क्षेत्र में राशन वितरण नहीं हो से दाने-दाने के तरस रहे हैं। आदिले ने कहा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ग्रामीण दाने-दाने के लिए तरस रहे हैं। राज्य सरकार के पास उचित फंड नहीं होने की वजह से पंचायतों में न तो मूलभूत व 14वें, 15वें वित्त की राशि आ रही हैं न ही पंचायतों में विकास कार्य हो रहे है, वर्तमान में मनरेंगा का नाम बदलकर जी राम जी करने के बाद मनरेंगा के पूर्व प्रस्तावित कार्य बंद हो चुके हैं जिससे वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र में मनरेंगा में भी कार्य नहीं चल रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को इन दिनों भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है।

### प्रशासन ने विलोपित सूची से हटाए नाम, मौन जुलूस स्थगित

**कोरबा।** एसआईआर प्रक्रिया को लेकर उत्पन्न विवाद के संबंध में रविवार को दोपहर 3 बजे तहसील कार्यालय कोरबा में प्रशासन एवं सुन्नी मुस्लिम जमात कोरबा के पदाधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मतदाता सूची में नाम विलोपित किए जाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। प्रशासन द्वारा बैठक के दौरान संबंधित सूची प्रस्तुत की गई, जिसमें स्पष्ट किया गया कि किसी भी व्यक्ति का नाम विलोपित सूची में नहीं है तथा पूर्व में दर्ज सभी नाम विलोपित सूची से हटा दिए गए हैं। इस आश्वासन के बाद सुन्नी मुस्लिम जमात कोरबा ने प्रस्तावित मौन जुलूस को स्थगित करने की घोषणा की। प्रशासन द्वारा मुस्लिम समाज की सभी मांगों को स्वीकार कर समाधान का भरोसा दिया गया।

### नववर्ष मिलन एवं वनभोज जैसे कार्यक्रमों से सुदृढ़ होता है एकता व भाईचारा : कमल



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वावधान में पर्यटन स्थल सतरेंगा में नववर्ष मिलन एवं वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने की। इस अवसर पर बी.पी. शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, पंकज पाण्डेय तथा मनोज साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि नववर्ष मिलन एवं वनभोज जैसे कार्यक्रम कर्मचारी-अधिकारियों के मध्य आपसी सौहार्द्रता, भाईचारे और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन कर्मचारियों को एक मंच पर जोड़कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन द्वारा किए जा रहे कर्मचारी हितों से सम्बंधित उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला कोरबा द्वारा जिला संयोजक जगदीश खरे, उप संयोजक तरुण सिंह राठौर एवं महासचिव ओमप्रकाश बघेल के नेतृत्व में किया गया।

# बंगाली चाल में बर्षों से व्याप्त पानी की किल्लत अब होगी दूर

## वार्ड क्रमांक 15 एवं 9 में पेयजल व्यवस्था मजबूत की जाएगी


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर जोनांतर्गत स्थित बंगाली चाल में बर्षों से व्याप्त पानी की किल्लत अब दूर होने जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर वार्ड क्र. 15 व वार्ड क्र. 9 में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। टीपी नगर स्थित टैगोर उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पेयजल व्यवस्था से जुडे सवा 87 लाख रूपये के कार्यों का भूमिपूजन किया तथा शीघ्र कार्य प्रारंभ कर कार्यों को त्वरित रूप से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि इसी ग्रीष्म ऋतु में इन कार्यो का लाभ वार्डवासियों को मिल सके।

अलग खबर

**खास बातें**

- उद्योग मंत्री एवं महापौर ने 87 लाख के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन



### 36 करोड़ से होने जा रहा जलप्रदाय विस्तार कार्य

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि निगम क्षेत्र के दूरदराज बस्तियों व मोहल्लों तक पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए 36 करोड रूपये की लागत से जलप्रदाय विस्तार का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। पानी की पर्याप्त आपूर्ति आमजनता के घरों तक हो, यह अतिआवश्यक है, नागरिकों को पानी की किल्लत न हों, इस दिशा में निगम पूरी सजगता के साथ कार्य कर रहा है तथा जहां कहीं पानी की समस्या वर्तमान में है, उस समस्या को समाप्त करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। हम सबका का सौभाग्य है कि वर्तमान में नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं, जिनके मार्गदर्शन में सभी क्षेत्रों में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा केन्द्र सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, ग्रामीण विकास, रोजगार, कृषि, उद्योग आदि सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियॉ अर्जित करने के साथ ही समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही हैं।

नगर निगम द्वारा टीपी नगर जोन के अंतर्गत वार्ड क्र. 15 में टीपीनगर चौक से सुनालिया केनाल ब्रिज व बंगाली चाल तक तथा महाराजा होटल से पावर हाउस रोड तक 73 लाख 28 हजार रूपये की लागत से डीआई पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जाना हैं, वहीं वार्ड क्र. 9 इमलीडुग्गू के अंतर्गत अशोक घर से पूजा पाण्डेय घर तक बाईपास रोड, नागेश ठाकुर घर से आंगनबाड़ी एवं रेलवे मोहल्ला, टीका घर से आंगनबाड़ी तक 14 लाख 01 हजार रूपये की लागत से ओपीव्हीसी पाईप लाईन बिछाने का कार्य निगम द्वारा कराया जाएगा। रविवार को टीपी नगर स्थित टैगोर उद्यान में प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन महत्वपूर्ण व पेयजल व्यवस्था से जुड़े कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित वार्ड के पार्षद एवं जनप्रतिनिधि रूप से उपस्थित थे।

## घरेलू परीक्षाएं लेने का निजी स्कूलों को मिला अधिकार

# निजी और सरकारी स्कूलों की पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा शिक्षा विभाग लेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षाओं एवं घरेलू परीक्षाओं के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा पूर्व में जारी किए गए आदेश को संशोधित करते हुए नया आदेश जारी कर दिया गया है। इसके तहत अब 5वीं, 8वीं कक्षाओं को छोड़कर शेष कक्षाओं की परीक्षा लेने का अधिकार निजी स्कूलों को दे दिया गया है। जबकि पूर्व में जारी आदेश के तहत निजी स्कूलों की घरेलू परीक्षाएं भी शिक्षा विभाग को लेना था। वहीं सभी निजी स्कूलों की बोर्ड परीक्षाएं शिक्षा विभाग ही लेगा।

**खास बात**

- शासकीय स्कूलों की घरेलू परीक्षाएं लेगा शासकीय विभाग



फाइल फोटो

पहली से लेकर 11वीं तक की घरेलू परीक्षाओं के संबंध में दिशा निर्देश जारी हो चुके हैं। 25 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक शासकीय स्कूल स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं अशासकीय स्कूलों की परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। संशोधित आदेश के अनुसार 5वीं और 8वीं कक्षा की परीक्षाएं बोर्ड रहती हैं। इसलिए यह परीक्षा शिक्षा विभाग ही लेगा। इसमें निजी स्कूल भी शामिल हैं। इसके संबंध में शनिवार को साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निजी और शासकीय स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी टी पी उपाध्याय ने लोक शिक्षण संचनालयल के द्वारा जारी आदेश के संबंध में सभी स्कूलों के प्राचार्यों को परीक्षा संबंधी दिए गए निर्देशों से अवगत कराया। इसके अनुसार पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी और छठवीं, सातवीं तथा 9वीं, 11वीं इन घरेलू परीक्षाओं को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के संशोधित आदेश के संबंध में बताया कि इन कक्षाओं की परीक्षाएं निजी स्कूल ले सकते हैं लेकिन शासकीय स्कूलों एवं आत्मानंद स्कूल की इन कक्षाओं की परीक्षा शिक्षा विभाग ही लेगा। इस आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि निजी और शासकीय स्कूलों की 5वीं, 8वीं की बोर्ड परीक्षा शिक्षा विभाग ही लेगा और उसके द्वारा ही इन दोनों कक्षाओं के प्रश्न पत्र जारी किए जाएंगे।

**ये दिए गए हैं निर्देश**

0 10वीं, 12वीं के ब्लूप्रिंट अनुसार तैयार होंगे प्रश्न वत्र।
0 जिला स्तर पर गठित होगी संचालन समिति एवं प्रश्न पत्र निर्माण समिति।
0 28 फरवरी तक सभी कक्षाओं के सिलेबस करना होगा पूरा।
0 5वीं के लिए 55 रुपए और 8वीं के लिए 60 रुपए परीक्षा शुल्क हुए निर्धारित।

**अनुपस्थित छात्रों को पूरक में बैठने मिलेगा अवसर**

घरेलू परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्र को पूरक परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा। अगर इसमें भी अनुत्तीर्ण होता है तो उसे अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसी तरह अनुत्तीर्ण छात्र छात्राओं को अतिरिक्त कक्षाएं लेकर उन्हें तैयारी कराई जाएगी। वार्षिक परीक्षा में तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक भी जोड़े जाएंगे।

## शराब के लिए पत्नी से मांगा पैसा, नहीं देने पर गला दबाकर कर दी हत्या



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शराबी पति ने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए जब पैसे की मांग की और पैसा नहीं देने पर उसने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है। मामला सामने आने के बाद आरोपी पति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मामला बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम दमउकुंडा की है। यहां निवासरत 42 वर्षीय कल्याण सिंह मरावी ने पहले जमकर शराब पी। इसके बाद उसने पत्नी हिरोदया मरावी से और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। पैसे को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया और गुस्से में कल्याण सिंह ने अपनी पत्नी का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही बागों पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## अपराधियों पर नकेल कसने जिला पुलिस की टीम ने किया कांबिंग गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस ने सजग कोरबा के तहत शनिवार की रात जिलेभर में विशेष अभियान चलाया और कांबिंग गश्त किया गया। इस दौरान देर रात को नजर आने वाले लोगों को पुलिस ने रोका और उनसे पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब मिलने के बाद ही उन लोगों को छोड़ा।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना, चौकी क्षेत्रों में सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सजग कोरबा सतर्क कोरबा अभियान के तहत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु 7 एवं 8 फरवरी की दरमियानी रात्रि को जिले में विशेष रात्रि चेकिंग एवं कांबिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान जिलेभर में गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सघन जांच की गई तथा उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त न होने की कड़ी समझाइश दी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पूर्व से आदतन अपराधी पाए गए 12 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। वहीं, संदिग्ध अवस्था में घूमते पाए गए 3 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 128 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। कांबिंग गश्त के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई।

## मृत भालू का किया गया दाह संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृत भालू का किया गया अंतिम संस्कार

कोरबा वनमण्डल अंतर्गत, वन परिक्षेत्र भैसमा परिवृत्त परिसर भेलवाटार के का क्रमांक ओए 1304 सरदूकला बी, ओए 1305 सरदूकला डी के मध्य उरगा से हाटी नेशनल हाईवे सड़क में सिवाना सरई में जंगली भालू की अज्ञात वाहन की ठोकर से सड़क में मृत होने की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा वन अधिकारियों को दिया गया, जिसकी सूचना प्राप्त होते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी कोरबा, परिक्षेत्र सहायक भैसमा अपने स्टाफ एवं पशु चिकित्सक के साथ मौका स्थल पर पहुंचे। जिला के पशु चिकित्सक डॉ अंकित शुक्ला द्वारा जांच के पश्चात मृत घोषित किया गया। जिसे मौका पंचनामा एवं फोटोग्राफ्स लेकर मृत वन्य प्राणी (भालू) के शव को वन मुख्यालय कोरबा लाया गया और वनमण्डलाधिकारी, पशु चिकित्सकीय टीम जिला कोरबा एवं वन अधिकारियों के मौजूदगी में सुरक्षित कोसाबाड़ी डिपो में दाह संस्कार किया गया। ग्रामिणों के द्वारा जिला प्रशासन से मांग किया गया है कि क्षेत्र में नेशनल हाईवे उरगा से हाटी, भारत माला सड़क, उरगा से धरमजयगढ़ रेल्वे लाईन का निर्माण होने से सड़क दुर्घटना से वन्य जीव एवं आम जन का जीवन प्रभावित हो रहा है। इसलिए सड़क के दोनों ओर प्रकाश की उचित व्यवस्था, सड़क में साईन बोर्ड निर्माण, आबादी जन्य क्षेत्र में गति अवरोधक एवं सड़क पार करने हेतु ओव्हर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाए जिससे वन्य प्राणी एवं आम जन को आने जाने में सुविधा हो सके।

## दहेज की मांग करने वाले पति के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** तुमान थाना क्षेत्र अंतर्गत वंदना रात्रे उम्र 25 वर्ष पति चमन कुमार रात्रे ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि शादी के कुछ समय बाद से ही इसका पति चमन कुमार इसे प्रताडित करने लगा और मोटर सायकल की मांग किया जाने तथा दहेज में तुम्हारे माता पिता कम समान दिये हैं कहकर परेशान करने लगा। इसके अलावा वंदना को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। चमन कुमार ने दूसरी शादी कर लिया है। वंदना अपने मामयके में रहती है उसके बावजूद चमन कुमार उसे परेशान करता है मामले में पुलिस ने आरोपी पति चमन कुमार के खिलाफ धारा 498 (ए), 494 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

## कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने कोटवारों की ली गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

थाना पसान क्षेत्र अंतर्गत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से आज थाना परिसर में समस्त ग्राम कोटवारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम स्तर पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, अपराध की पूर्व सूचना, असामाजिक तत्वों की पहचान एवं समय पर सूचना संप्रेषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।




कोटवारों की बैठक लेते पुलिस अधिकारी।

बैठक के दौरान कोटवारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने ग्राम में अजनबी व्यक्तियों की आवाजाही, चोरी, अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशा, घरेलू विवाद, भूमि विवाद, तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर सतत निगरानी रखें एवं ऐसी किसी भी जानकारी को तत्काल थाना स्तर पर सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम कोटवार पुलिस एवं जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, अतः उनकी सक्रिय सहभागिता से ही अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना संभव है। बैठक में कोटवारों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई एवं उन्हें उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। थाना पसान द्वारा यह भी अपील की गई कि ग्रामवासी किसी भी प्रकार की आपराधिक अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना निर्भीक होकर पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे।

## पंचगव्य उत्पाद देकर किया प्रोत्साहित

# गौ विज्ञान परीक्षा में तीन सौ स्कूलों के विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गौ-वंश के सांस्कृतिक, धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए जिले में द्वितीय चरण की गौ विज्ञान परीक्षा जिला स्तर पर रविवार को हुई। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के चयनित 400 से ज्यादा विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल सीएसईबी बुधवारी में आयोजित परीक्षा में 50 ऑब्जर्वर ने अपनी भूमिका निभाई।




कार्यक्रम में उपस्थित मंचस्थ अतिथि व छात्राएं।

गौ-संवर्धन समिति और गौ-सेवा गतिविधि की ओर से परीक्षा का आयोजन किया गया। काफी समय से गौ-सेवा के क्षेत्र में ये संगठन काम कर रहे हैं। गाय के महत्व और जन सामान्य को इनसे मिलने वाली सेवा के बारे में व्यापक जागरुकता फैलायी जा रही है। अलग-अलग माध्यम का उपयोग इस काम में किया जा रहा है। संगठनों ने छत्तीसगढ़ स्तर पर ऐसे कार्यों का लोकव्यापीकरण किया है। इसी श्रृंखला में समिति ने 300 स्कूलों तक अपनी पहुंच बनाई और वहां संबंधित साहित्य के साथ अवधारणा को स्पष्ट किया। पिछले दिनों प्रथम चरण की परीक्षा का आयोजन स्कूल स्तर पर किया गया। 25, 50 और इससे अधिक प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर 1 से 3 विजेताओं को चयनित किया गया। इन्हें जिला स्तरीय परीक्षा में हिस्सा लेने की पात्रता मिली। वैकल्पिक रूप से कुछ मामलों में अभिभावक और शिक्षक भी परीक्षा में शामिल हुए। इन सभी ने गौ विज्ञान को लेकर न केवल अभिरुचि दिखाई बल्कि यह भी प्रदर्शित किया कि उनका जुड़ाव गौ-वंश से जुड़ी जानकारी को लेकर कितना करीब का है। परीक्षार्थियों से द्वितीय चरण की परीक्षा में देश की संस्कृति सहित धार्मिक विधान और वैज्ञानिक महत्व से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सभी सहभागियों को गौ-संवर्धन समिति व गौ-सेवा गतिविधि के द्वारा पंचगव्य से तैयार उत्पाद जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय व सामाजिक कार्यकर्ता किशोर बुटोलिया द्वारा देकर प्रोत्साहित किया गया। परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों में इस परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411